## नियुक्ति आदेश जारी

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र के विभिन्न ने विद्यालयों में 82 अध्यापकों को बुधवार को नियुक्ति दे दी गई। पंचायत समिति प्रधान श्रीमती कँवर राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित प्रशासन व स्थापना समिति की बैठक में अध्यापक लेवल प्रथम व द्वितीय के नियुक्ति आदेश जारी किए गए।

पंचायत समिति प्रधान मीनू कंवर सुरेंद्र सिंह राठौड़ व विकास अधिकारी फिरोज खान ने अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। पंचायत समिति के विकास अधिकारी ङफिरोज खानङ के अनुसार निदेशक प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग (प्राशि) राजस्थान बीकानेर के द्वारा राजस्थान प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सीधी भर्ती 2021-22 अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र में अध्यापक लेवल प्रथम, सामान्य शिक्षा व विशेष शिक्षा के अजमेर जिले को आवंटित अभ्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन पश्चात् पात्र अभ्यार्थियों की जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर द्वारा प्रेषित सूची अनुसार शासन उप सचिव राजस्थान सरकार प्रारम्भिक शिक्षा के एवं संयुक्त शासन सचिव प्रारम्भिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों की पालना में काउन्सलिंग की जायेगी।

# श्री मसानिया भैरव धाम मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की

**अजमेर,** (कास)। हरीभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार योजना में श्री मसानिया धाम भैरव मंदिर में आज विधिवत हवन पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा कलश स्थापना का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया।

बैरवा नवयुवक मंडल समिति के अध्यक्ष कमल बैरवा ने बताया कि श्री मसानिया धाम भैरव मंदिर में आज मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई एवं महाआरती कर प्रसादी का आयोजन किया गया।

मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति अजमेर के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल पार्षद हेमंत जोधा, भरत जाटव, सुमित मित्तल सुरेश बहादुर गगन ठाकुर जितेंद्र सिंह राठौड़ सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बेरवा नवयुवक मंडल समिति के संरक्षक दौलतराम बंसीवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया।



**श्री मसानिया धाम भैरव मंदिर में मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा कलश स्थापना का आयोजन समारोह पूर्वक किया। इस मौके पर डॉ. गोपाल बाहेती, गणपत बन्देलवाल आदि मौजूद थे।**

इस अवसर पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति अजमेर के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ श्री गोपाल बाहेती ने बेरवा समाज के युवाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर बेरवा समाज के गणपत बन्देलवाल, नोरत बन्देलवाल, रामस्वरूप मेहर, टीकम चंद बन्देलवाल, जगदीश धवन, कन्हैयालाल नंगवाड़ा, राजकुमार बंसीवाल, शांतिलाल बन्देलवाल, भगवानदास नंगवाड़ा, राजकुमार रानीवाल, भीकम चरावन्डिया, मुन्ना मेहर, डालचंद बन्देलवाल, शैलेंद्र लोदवाड, सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए बैरवा समाज के पंच पटेल उपस्थित थे।

## 'मंदिर की गद्दी खाली होना दुर्भाग्य की बात'

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर में बुधवार को अवांतर पीठ मानपुरा मध्य प्रदेश के शंकराचार्य ज्ञानानंद जी महाराज ने पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना कर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किए इस दौरान स्थानीय तीर्थपुरी संघ के नेतृत्व में तीर्थ पुरोहितों ने उनका माला पहना कर सम्मान किया।

इस अवसर पर तीर्थ पुरोहितों ने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर महंत की गद्दी वर्षों से खाली होने की बात कही और मंदिर की हो रही जर्जर अवस्था के बारे में कहा तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि जगतपिता ब्रह्मा मंदिर पर सरकार ने अस्थाई कमेटी नियुक्ति कर रखी है ओर महंत की गद्दी खाली पड़ी है तो वहीं मंदिर की दुर्दशा की बात कही इस पर शंकराचार्य ज्ञानानंद जी महाराज ने गहरी नाराजगी प्रकट की उन्होंने कहा कि जगतपिता ब्रह्मा मंदिर की गद्दी खाली होना बड़े दुर्भाग्य की बात है गद्दी कभी खाली नहीं रहनी चाहिए तथा मंदिर की दुर्दशा पर भी नाराजगी प्रकट की उन्होंने कहा कि मैं इस मामले में प्रधानमंत्री और राज्य सरकार और अस्थाई कमेटी के प्रबंधक को पत्र लिखूंगा उनको पवित्र सरोवर की पूजा उनके पुश्तैनी पंडित नंदकिशोर भोमिया ने करवाई।

## सार-समाचार

### पुण्य तिथि मनाई

**अजमेर,** (कास)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा लायंस क्लब के जनक मेलविन जोन्स की 61 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किया गया। प्रान्तीय पीआरओ एमजेएफ लायन राजेन्द्र गांधी ने बताया कि विश्व की सबसे बडी स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब की स्थापना 104 वर्ष पूर्व कर सेवा के कायी के हाथ बढ़ाये, जो आज पूरे विश्व मे 14 लाख से अधिक सदस्यों के माध्यम से पीड़ित मानव की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते है। संभाग 2 की क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन आभा गांधी ने बताया कि मेलविन जोन्स की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके द्वारा किये गए कायी को याद किया।

### सांडो का आतंक

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मेड़ता शहर में बढ़ते सांडो के आतंक को ध्यान में रखते हुवे भारतीय जनता पार्टी के नगरपालिका के पार्षदों ने बुधवार को मेड़ता अधिकारी अधीशषी अधिकारी रामरतन चौधरी को ज्ञापन सौपा। प्रतिपक्ष नेता पवन प्रतानी ने बताया कि मेड़ता शहर में अवारा सांडो व बंदरों के आतंक लगातार बढ़ता जा रहा हे। हाल ही मेड़ता शहर में सांडो के आतक से 2 नागरिक बुरी तरह ज्ञाल हे जिनमे एक का जोधपुर में इलाज़रत हे। इस मौके पर पार्षद विजय राज सांखला, कानाराम अटवाल, मोहित माली, रामचंद्र नायक, महेश प्रजापत, पार्षद प्रतिनिधि श्रीकांत बजाज व नरेंद्र लाहोटी गोविंद भाटी मौजूद थे।

### राशन सामग्री वितरित

**पुष्कर,** (निसं)। फियोर दी लोटो की ओर से 150 परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। लोटो पुष्कर के अध्यक्ष दीपू महर्षि ने बताया की प्रति माह गरीब परिवारों को आटा, तेल, मिर्ची, हल्दी नमक शक्कर, चाय पत्ती वितरित की गई।

## हादसे में पुलिस कर्मी की मौत

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद सदर थाना अंतर्गत आज बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित देराठु चौराहे के निकट हाईवे पर एक कंटेनर खड़ा हुआ था जिसमें एक तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी जिससे कार में सवार भीलवाड़ा साइबर सेल के कॉन्स्टेबल प्रदीप की दर्दनाक मौत हो गई।वही उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना होने के साथ ही आसपास के दुकानदार तुरंत मौके पर पहुंचे और कंटेनर में फंसी कार को निकालकर कार में सवार कॉन्स्टेबल को बाहर निकाल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मामला दर्ज

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद सदर थाना में हीराचंद जुनावत ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गत 6 मई को उसका बेटा पुष्पेंद्र अपने दोस्त प्रणव के साथ मोटरसाइकिल से अजमेर से नसीराबाद की ओर आ रहा था तभी रास्ते में वीर घाटी में एक कार चालक द्वारा कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल की टक्कर मार दी जिससे पुष्पेंदर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## 15 दिवसीय शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

**अजमेर,** (कास)। संस्कार भारती अजयमेरु का बालायाम लोक नृत्य ग्रीष्मकालीन पंद्रह दिवसीय शिविर अतिथियों के उद्बोधन व प्रशिक्षणार्थी की कला प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से समापन हुआ।

प्रचार प्रसार प्रमुख महेन्द्र जैन मित्तल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एचकेएच स्कूल वैशाली नगर में प्रांगण में पधारों म्हारों देश सुनीता गोयल एवं समूह, बरस बरस म्हारा इंद्र राजा नीलम ग्रुप, कालबेलिया नृत्य दिव्या वैष्णव ग्रुप, मत पियो म्हारा छैल तम्बाकूडी पूजा गोयल,चारु अग्रवाल, जवाई जी पांवणा योगबाला वैष्णव, हम पंछी आसमान में समृद्धि जैन समूह, मोरिया अच्छों बोल्यो रे आरती व गोरी खंडेलवाल, ध्येय गीत रेखा खेमानी, सहित कई कलाकारों ने प्रस्तुति दे कार्यक्रम में समा बांध बार बार तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मुख्य व्यक्ता उत्तर क्षेत्र विधायक पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री प्रोण् वासुदेव देवनानी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि शरीर की चाल,चेहरे की भाव.भंगिमाएं, वेशभूषा, आभूषण, सजावट आदि लोक नृत्य के अभिन्न अंग हैं। जिनमे विभिन्न राज्य प्रदेश की सांस्कृतिक झलक मिलती है। मुख्य अतिथि हनुमान दयाल बंसल ने कहा कि लोक नृत्य वास्तव में संस्कृति की अभिव्यक्ति हैं। लोक नृत्यों की उत्पति किसी विशिष्ट क्षेत्र या लोगों के बीच उनके रीति.रिवाजों के एक अंग के रूप में हुई। साथ ही यह आनंद और प्रसन्नता को अभिव्यक्त करने वाले सरल नृत्य हैं। सभी प्रतिभागियों को संस्कार भारती प्रमाण पत्र और उपहार अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किए उमाशंकर साहनी विजय बेकर्स का व्यवस्थाओं में सहयोग रहा।

इससे पूर्व लोकनृत्य प्रशिक्षण शिविर मे अतिथियों व उमा शंकर संपर्क प्रमुख ने भगवान नटराज के दीप प्रज्जवलित मां सरस्वती को पुष्पहार कर शुभारंभ किया। अध्यक्ष डॉ मधुलिका नाग ने स्वागत उद्बोधन दिया। अतिथियों का स्वागत सोनू सिंघल, डॉ अनीता शर्मा, क्षेत्र प्रमुख सुरेश बबलानी नंद लाल शर्मा, महा मंत्री गोपाल कृष्ण पाराशर ने अंग वस्त्रम ;पीला पटकाद्ध पहना कर स्वागत किया।

## अधिकारी के साथ ऑनलाइन ठगी

**अजमेर,** (कास)। शहर में भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को परिचित बताते हुए पैसे भेजने के बहाने लिंक भेजा और क्लिक करते ही खाते से 25 हजार विड्रोल कर लिए। पीड़ित ने क्रिश्चयनगंज थाने में मामला दर्ज कराया है।

भारत संचार निगम लिमिटेड में सब डिविजनल इंजीनियर के पद पर कार्यरत बीएसएनएल कॉलोनी, आनंदम गार्डन के पास निवासी कैलाश चंद मीणा ने क्रिश्चयनगंज थाने में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया और खुद को परिचित बताते हुए कहा कि उसका कुछ पेमेंट आना है। उसका फोन खराब है। ऐसे में आपके पास मंगवाया। इसके बाद उसने एक लिंक भेजा और लिंक पर क्लिक कर सेव करने के लिए बोला।

जैसे ही लिंक को क्लिक किया तो उनके अकाउंट से पच्चीस हजार रुपए विड्रोल हो गए। जब बाद में उस नम्बर पर कॉल किया तो कोई रेस्पांस नहीं मिला और ठगी का पता चला। ऐसे में कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की।

# कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना

- राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा कलेक्टर को

**अजमेर,** (कास)। अजमेर शहर भाजपा द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को बड़ी संख्या में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और सीएम अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक धरना दिया। भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर अंशदीप को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा।

जिला कलेक्टर पर आयोजित सांकेतिक धरने को उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस ने चुनाव के किए अपने सभी वायदों से पीछे हट रही है। वायदा किया था कि किसानों के सभी कर्ज पूरी तरह से मांफ कर 24 घंटे घरेलू बिजली और किसानों को आठ घंटे दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता 3500 दिया जाएगा। अब इस सरकार के चंद महीने ही बचे है और किसानों को छह घंटा भी बिजली नहीं मिल रहा है। न तो कर्ज मॉफ हुआ न ही खाद और बीज ही उपलब्ध कराए गए। कांग्रेस सरकार आपसी खींचतान में लगी है और जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार की नाकामी की वजह से अफसरशाही पूरी तरह से हाबी है। यहां तक कि मंत्रियों की सुनवाई नहीं हो रही है। रीट की 2021 की परीक्षा में धांधली के बच्चों का भविष्य अंधकार में है और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

वोट के लालच में राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, आर्थिक अपराध, अपराधियों की शरणस्थली, महिलाओं पर अत्याचार, रेप की घटनाएं, भू माफिया, अवैध खनन, नशा तस्करी चरम पर है। सरकार इस पर लगाम लगाने में नाकाम है।

विधायक अनिता भदेल ने कहा कि सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री ने एक बार भी अजमेर की सुध नहीं ली। जनप्रतिनिधि मिलते नहीं है। जिससे सभी विभागों के अधिकारी निरंकुश हो गए है। अजमेर में 24 घंटे में जलापूर्ति की बात थी लेकिन 72 घंटे में भी नहीं मिल रही है। अफसरों के पद खाली पड़े है और जो है वह अपने कार्यालय में मिलते ही नहीं है। पीडब्लूयूडी के अंदर आने वाले शहर के सभी प्रवेश द्वार टूटे पड़े है। न तो सडक् नई बन रही है ना ही पुरानी का मरम्मत हो रहा है। वाहन चालक और आम जनता परेशान है।

## अवैध खनन की रोकथाम करने के कलक्टर ने दिए निर्देश

**अजमेर,** (कास)। जिला कलक्टर अंश दीप ने खनन गतिविधियों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में अवैध खनन को रोकने के निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर अंश दीप ने बताया कि जिले में संचालित खनन गतिविधियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अवैध खनन रोकने के निर्देश दिए गए।

खनिजों के अवैध निर्गमन एवं भण्डारण के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस प्रकार के संवेदनशील एवं संभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर कार्यवाही करने के लिए कहा गया।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर प्राधिकरण की बालूपुरा कच्ची बस्ती अजमेर योजना के आवासीय भूखण्ड 772 क्षेत्रफल 108.89 के आवंटी श्री भागू सिंह पुत्र श्री सिंगा सिंह व केली देवी पत्नी श्री भागू सिंह निवासी शालीमार कालौनी के पीछे आदर्श नगर अजमेर है श्री भागू सिंह पुत्र श्री सिंगा सिंह की मृत्यु दिनांक 15.4.2014 का होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपार्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसो क्रमश गोपाल सिंह, अशोक रावत, श्रीमती कमला देवी, श्रीमती नेतल देवी पुत्र व पुत्री श्री भागू सिंह निवासी शालीमार कालौनी के पीछे आदर्श नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती केली देवी पत्नी भागू सिंह निवासी शालीमार कालौनी के पीछे आदर्श नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 19.8.2015 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्रधिकरण, अजमेर


## शिविर का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति की बरल ग्राम पंचायत मैं आज बुधवार को आयोजित फॉलो अप कैंप का ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिए जाने से शिविर में आए सभी कर्मचारी अधिकारियों को ठाले बैठे रहना पड़ा। ज्ञातव्य है कि बरल ग्राम पंचायत सरपंच वार्ड पंच एवं ग्रामीणों द्वारा अंडर ब्रिज की मांग की जा रही थी और यह मांग पूरी नहीं होने के कारण हाल ही में पिछले दिनों 26 मई को बरल ग्राम पंचायत सरपंच सुश्री ज्योति जैन सहित सभी वार्ड पंचों द्वारा मसूदा पंचायत समिति के विकास अधिकारी को त्यागपत्र सौंप दिया था। और आज बरल में आयोजित फॉलोअप केम्प में ग्रामीणों ने कैंप में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों का आक्रोश इतना जोरदार था कि यह उपस्थित अधिकारियों को यहां तक सुना दिया कि जब ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग किए जाने के बावजूद अंडर ब्रिज निर्माण नहीं हो रही है तो अधिकारियों का यह आने का क्या औचित्य है। उपस्थित अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। यद्यपि फॉलो अप कैंप में विजयनगर तहसीलदार डॉ0 स्वाति झा, सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। वही पंचायत राज की ओर से पंचायत समिति के अतिरिक्त विकास अधिकारी बी आर सिंगारिया सहित अधिकारी मौजूद थे तथापि ग्रामीणों द्वारा रोष व्यक्त करने पर उपखंड अधिकारी संजू मीणा ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अंडर ब्रिज की मांग को दोहराते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मामला राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडरब्रिज निर्माण का होने से किसी प्रकार की कार्यवाही करना संभव नहीं होने के कारण उपखंड अधिकारी ने उक्त विज्ञापन को जिला कलेक्टर एवं निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग को भिजवा दिया।

## गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डाणी प्रदेश मंत्री घोषित

**अजमेर,** (कास)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश इकाई राजस्थान प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के युवा अध्यक्ष श्री जेडी माहेश्वरी ने प्रदेश अध्यक्ष एन.के गुप्ता, प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल शरण गुप्ता की सहमति से अजमेर जिले के जिला अध्यक्ष रमेश तापड़िया एवं जिला महामंत्री उमेश गर्ग की अनुशंसा पर प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की।

जिसमें अजमेर जिले के अमित कुमार गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अजमेर जिले के ही चार्टर्ड अकाउंटेंट यश डाणी को प्रदेश मंत्री एवं अजमेर जिले के केकड़ी के मनीष विजयवर्गीय को कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया। अजमेर जिला वैश्य महासम्मेलन के कालीचरणदास खंडेलवाल, पुखराज पहाड़िया, सूरज नारायण लखोटिया, अशोक पंसारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देकर संस्था हित में कार्य करने के निर्देश दिए।

## 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का समापन

**गुलाबपुरा,** (निसं)। स्थानीय श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सत्यनारायण अंग्रवाल के नेतृत्व में चल रहे समाज सेवा शिविर का समापन मुख्य अतिथि शिल्पा चौधरी तहसीलदार हुरडा एवं मधुसूदन पारीक पूर्व उप प्रधान पंचायत समिति हुरडा और रशीद निमीही राष्ट्रीय कवि के सानिध्य में हुआ। शिविर प्रभारी लाल साहब सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए 15 दिन चले शिविर की गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया एवं शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शिविर की जानकारी दी।

राष्ट्रीय कवि रशीद निमीही ने गीत के माध्यम से माता पिता की सेवा हमें करनी चाहिए और हमेशा खुश रहना एवं मुस्कुराते रहना की प्रेरणा गीत के माध्यम से दी! पूर्व उप प्रधान मधुसूदन पारीक ने विद्यालय की एवं संस्था प्रधान की प्रशंसा करते हुए बताया कि क्षेत्र में गांधी विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते और इस क्षेत्र में यदि कोई विद्यालय अपनी ऊंचाइयों पर है तो वह गांधी विद्यालय हैं इसका पूरा श्रेय संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल को जाता है मुख्य अतिथि तहसीलदार शिल्पा चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं को समाज सेवा के बारे में अवगत कराते हुए अपने विद्यालय जीवन की घटना बताते हुए छात्र छात्राओं को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय में आयोजित प्रार्थना की प्रशंसा करी साथ ही तहसीलदार चौधरी ने छात्र छात्राओं को शिविर में सीखे गए अनुभवों को अपने जीवन में उतारने की और अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। लक्षिता रुतला अभिषेक शर्मा प्रियांशु लोहारिया ने 15 दिवसीय शिविर के बारे में अपने अपने विचार प्रस्तुत करें सेजल सिसोदिया ने कार्यक्रम का संचालन किया इस दौरान भंवरलाल सांमरिया, अरविंद लड्ढा आदि मौजूद थे।

## अबॉर्शन के बाद घर पर निकाला भ्रूण

**अजमेर,** (कास)। अबॉर्शन करवाकर घर लौटी महिला वॉशरूम गई तो मृत भ्रूण निकल आया। वह चीखी तो परिवारवाले भी दौड़े। इसके बाद परिजनों ने अजमेर के होली फैमिली हॉस्पिटल पहुंचकर हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि डॉक्टर ने 3 महीने की प्रेग्नेंट महिला के इलाज में लापरवाही बरती है। मामला मंगलवार की रात का है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने महिला के गर्भ में बच्चे की मौत होना बताया था। फिर तुरंत अबॉर्शन करने के नाम पर उनसे 25 हजार रुपए भी ले लिए, लेकिन इलाज सही से नहीं किया गया।

स्थानीय विधायक अनिता भदेल व अलवर गेट थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्होंने लोगों को समझाया। बाद में महिला के परिजनों ने डॉक्टर व अस्पताल प्रशासन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। साथ ही हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से भी थाने पर शिकायत दी गई। भगवान गंज की रहने वाली महिला के पेट दर्द होने पर 30 मई को अस्पताल गई थी।


**कार्यालय नगर पालिका गुलाबपुरा ( भीलवाडा )**

क्रमांक : तामीरात/646 दिनांक : 31.5.22

**उजरदारी नोटिस**

श्री हंसराज बैरवा पिता श्री महावीर प्रसाद बैरवा निवासी गुलाबपुरा वार्ड नम्बर गांधी नगर कॉ भू.सं. 24, माप 20×50, ख.सं. 923/2 द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भूखण्ड हस्तान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजो का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पडौस विवरण

पूर्व : आम रास्ता 30 फिट स्थित — पश्चिम : भू.सं. 01 स्थित

उत्तर : भू.सं. 23 स्थित — दक्षिण : आम रास्ता 30 फिट

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा



**कार्यालय ग्राम पंचायत रणसीसर जाटान पंचायत समिति डीडवाना, ( नागौर )**

क्रमांक : ग्रा.प./2022-23/01 दिनांक : 30.5.2022

**-: निविदा सूचना :-**

ग्राम पंचायत रणसीसर जाटान की ओर से वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत रणसीसर जाटान के राजस्व ग्राम सागूकलां एवं सागू खूर्द में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं इन कार्यों की दरे एवं निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक व निविदा शर्तो आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रणसीसर जाटान, पंचायत समिति डीडवाना ( नागौर )

सरपंच, ग्राम पंचायत रणसीसर जाटान, पंचायत समिति डीडवाना ( नागौर )


## कार्य में लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ अभियंता निलम्बित

**अजमेर,** (कास)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एन.एस. निर्वाण ने झुंझुनूं सर्किल में कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया है। साथ ही एक उपभोक्ता शिकायत निवारणकर्ता को एपीओ किया गया है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एन.एस. निर्वाण ने झुंझुनू सर्किल में आयोजित बैठक में अधिकारियों से कहा कि हमने पिछले कुछ समय में लगातार मेहनत कर अजमेर डिस्कॉम की छीजत कम की है।

इस वर्ष हमने छीजत को 10 प्रतिशत से कम रखने का लक्ष्य लिया गया है। हमें और अधिक मेहनत कर, नई योजनाएं बनाकर छीजत को कम करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से अवैध ट्रांसफार्मरों को जब्त करने, मीटर बॉक्स इंस्टॉलेशन तथा फीडर सैपरेशन की प्रगति की जानकारी ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को बिजली चोरों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

निर्वाण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही एम्नेस्टी स्कीम तथा मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना का भी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे। जिससे उपभोक्ता व आमजन अधिक से अधिक इस योजना का लाभ ले सकें।

प्रबंध निदेशक एन. एस. निर्वाण ने कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक अभियंता बड़ागांव झुंझुनूं कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता केदार सिंह को निलंबित तथा सहायक अभियंता कार्यालय गुढ़ा गौडजी में कार्यरत शिकायत निवारणकर्ता (सीसीए-111) धर्मेन्द्र कुमार को एपीओ किया है। इस दौरान केदार सिंह का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता डूंगरपुर तथा धर्मेंद्र कुमार का मुख्यालय सहायक अभियंता अजीतगढ़ रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण होना चाहिए।

बैठक के दौरान टीए टू एम डी राजीव वर्मा सहित स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ से धर्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत

**अरांई,** (निसं)। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी पोरवाल/परवाल समाज अरांई के तत्वाधान मां भद्रकाली प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत बुधवार से नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बुधवार सुबह समाज के लोगों ने भव्य शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा दयालु रामद्वारा से पोरवाल समाज कुल देवी मंदिर तक निकाली गई। शोभायात्रा में सदर बाजार से होते हुए कोठारी मोहल्ला स्थित कुलदेवी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। श्रीपार्श्वनाथ मंदिर में कथावाचन करते हुए कथावाचक संत दिलखुशराम महाराज ने शिव और शक्ति के विविध रूपों का वर्णन किया।

शिवमहापुरा कथा की शुरूआत हर हर महादेव, घर घर महादेव, जन जन महादेव के उद्घोष से की। उन्होंने कहा कि शिव कण-कण में है। शिव का अर्थ है कल्याण। शिव में ही सृष्टि है। शिव जो स्वयंभू है, शाश्वत है, सवोच्च सत्ता है, विश्व चेतना है और ब्राह्मण्डीय अस्तित्व के आधार है।

# पीएनबी ने जैन मंदिर में वाटर कूलर लगवाया




**जैन मंदिर नारेली में पीएनबी की ओर से वाटर कूलर भेंट किया। इस मौके पर आर के मीणा आदि मौजूद थे।**

**अजमेर,** (कास)। माखुपुरा स्थित शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जैन मंदिर नारेली में आमजन की अधिक आवाजाही को देखते हुए गर्मियों में शीतल पेयजल के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने एक वाटर कूलर उपहार स्वरूप भेंट किया।

मंदिर परिसर में गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल की उपलब्धता के लिए पंजाब नेशनल बैंक की ओर से मंडल प्रमुख आरके मीणा ने बुधवार को एक सादे समारोह में उक्त वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए कहा कि बैंक की ओर से ये एक छोटी पहल है। इसके अलावा बैंक समय समय पर गरीबों, वृद्धजन, असहायों तथा जरूरतमंदों की मदद को भी अग्रणी रहता है तथा उनकी जरूरतों को पूरी करता है। पीएनबी स्वदेशी बैंक होने के कारण कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है। नारेली जैन तीर्थ में प्रतिदिन आमजन की अधिक आवाजाही रहती है। ऐसे में लोगों की सुविधार्थ बैंक की ओर से सीएसआर गतिविधि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वाटर कूलर लगाने की पहल की गई है। वाटर कूलर लगने से मंदिर परिसर में आने वाले लोगों को शुद्ध व शीतल जल मिलेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लाम्बा, पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक : ग्रा.प.ल/निर्माण/2022-23/09 दिनांक : 31.5.2022

**-: सीमित निविदा सूचना :-**

पंचायत समिति अरांई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत लाम्बा में कार्य विजयसागर की बडी मोरी पर पूरण हरिजन के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB NO. ZAJ2223A0341

UBN : ZAJ2223WSLB00374

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लाम्बा, पंचायत समिति अरांई

सरपंच, ग्राम पंचायत लाम्बा, पंचायत समिति अरांई



**भारतीय भाषा संस्थान**

(शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार)

मानसगंगोत्री, मैसूरु-570006

**भाषा शिक्षा में 10-माह के डिप्लोमा**

**(अगस्त 2022-मई 2023)**

**The Last Date for receipt of duly filled-in application at CIIL is 30 th June 2022**

मैसूरु, भुवनेश्वर, पुणे, पटियाला, सोलन, लखनऊ और गुवाहाटी अपने सात क्षेत्रीय भाषा केंद्रो पर आधुनिक भारतीय भाषाओं असमी, बंगाली, बोडो, डोगर, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उडिया, पंजाबी, संताली, सिंधी तमिल, तेलुगु और उर्दू में से किसी एक में दस माह के डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करते है।

सेवारत-शिक्षक, भावी-शिक्षक, शोध-छात्र और जन-सामान्य अपने आवेदन-पत्र, निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान, मानसगंगोत्री, मैसूरु-570006 को उपरोक्त तारीख तक या उससे पहले भेज सकते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ciil.org/LTP.aspx देखें। DAVP 21248/12/0001/2223

# मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास 40 से ज्यादा झोपड़ी-झुग्गियां भीषण आग में जलकर खाक, 15 लोगों को सकुशल बचाया

## 10 किलोमीटर दूर तक दिखी आग की लपटें और धुएं का गुब्बार, बांस की लकड़ी से बने फर्नीचर समेत लाखों रु. का माल जला




**मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास बांस व बैंत से बनी 40 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार शाम भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार करीब 10 किलोमीटर दूर तक ताण्डव बयां करता दिखा। आग से उनमें रहने वाले परिवारों में भदगड़ के साथ ही चीख-पुकार मच गई।**

- **20 दमकलों ने 40 से ज्यादा फेरे लगाकर आग पर काबू पाया, सिविल डिफेंस टीम ने भी लोगों को बचाने में मदद की**

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास बांस व बैंत से बनी 40 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार शाम भीषण आग लग गई। सिविल डिफेंस और अग्निशमन कर्मचारियों ने आग में फंसे 15 महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। 20 दमकलों ने 40 से ज्यादा फेरे लगाकर करीब 2 घंटे में पर काबू पाया। आग की लपटें और धुएं का गुब्बार करीब 10 किलोमीटर तक दूर तक ताण्डव बयां करता दिखा। एक साथ करीब चालीस झुग्गियों में लगी आग से उनमें रहने वाले परिवारों में भदगड़ के साथ ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में लाखों रुपए के घरेलू सामान सहित अन्य माल जलकर राख हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है।

अग्निशमन अधिकारी देवांग यादव ने बताया कि भीषण आग बुधवार शाम करीब 5 बजे लगी। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास स्लिप लेन के किनारे करीब 50 परिवार लकड़ी और बांस की बनी झुग्गी झोंपडियों में रहते हैं। ये परिवार बांस की टाटी और झोपड़ी सहित बेंत की लकड़ी का फर्नीचर बनाकर गुजारा करते हैं। इनके घर भी बांस के बने थे और कच्चा व तैयार माल भी बांस-लकड़ी का था। इस कारण एक झुग्गी से शुरू हुई आग देखते ही देखते विकराल हो गई। शुक्र रहा कि समय रहते राहत कार्य शुरू हो गया और सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, अन्यथा जनहानि हो सकती थी। हादसे में 40 से ज्यादा लोगों के आशियाने और उनमें रखे कच्चे-पक्के माल के साथ ही घरेलू सामान जलकर राख हो गया। राहत कार्य के लिए मानसरोवर के अलावा आसपास के फायर स्टेशनों से 20 दमकलों को बुलाना पड़ा।

देवांग यादव ने बताया कि हादसे की भयाभयता को देखते हुए सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची। यहां बसी बस्ती की भौगोलिग स्थित ऐसी है कि सभी झुग्गी-झोंपडियां एक-दूसरे से सटी हुई हैं जिसके चलते आग ने एक के बाद एक करीब 40 से ज्यादा झुग्गियों को आगोश में ले लिया। हालात ऐसे थे कि बस्ती में रहने वाले लोगों को सामान निकालने का तक का मौका नहीं मिला और वे जान बचाने के लिए जिस हालत में उसी में भाग छूटे। सिविल डिफेंस टीम ने पुलिस और अग्निशमन कर्मचारियों ने रेस्क्यू कर करीब 20 महिला और बच्चों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। मंजर ऐसा था कि दूर खडे खाना-बदोश परिवारों के पास पथराई सी आंखों से अपने आशियाने उजड़ते देखने के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

बताया जा रहा है कि झुग्गियों में रहने वाले एक परिवार ने बताया कि पडौसी महिला ने शाम करीब 5 बजे खाना बनाने की तैयारी के चलते चूल्हा जलाया था। हालांकि उसने आग बुझा दी थी मगर शेष रही एक छोटी सी ङूषचंगारी पास ही पड़ी सूखी तक उड़कर पहुंची तो एकदम से लपटें उठने लगी। बस्ती के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर आग धीरे-धीरे उनके आशियानों के बाहर पड़े बांस व लकडि़यों तक पहुंचकर झुग्गियों को आगोश में लेने लगी तो अफरा-तफरी के साथ दहशत फैल गई। हादसे के बाद कुछ परिवार एक-दूसरे पर लापरवाही का ठिकरा फोड़ते हुए उन्हें कोसते भी नजर आए। हालांकि बस्ती के लोग फिर से अपने आशियाने खड़े करने में जुट गए हैं।

## थानेदार को किया था रंगे हाथों गिरफ्तार, परिवादी बयानों से पलटा तो हुआ बरी

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने रिश्वत मामले में थानेदार को एसीबी कोर्ट, अलवर से मिली चार साल की सजा को रद्द करते हुए आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास ने यह आदेश अशोक यादव की अपील को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष अपनी कहानी को किसी भी तरह प्रमाणिक नहीं कर पाया है। इसके अलावा ट्रायल कोर्ट ने तथ्यों और साक्ष्य का सही रूप से विश्लेषण किए बिना न्यायिक दृष्टांतों में बताई व्यवस्था के विपरीत जाकर अनुमान के आधार पर सजा दी है। ऐसे में इसे निरस्त कर आरोपी को दोषमुक्त करना विधि सम्मत है।

अपील में अधिवक्ता अरविन्द कुमार गुप्ता व अन्य ने अदालत को बताया कि एसीबी कोर्ट, अलवर ने 22 जनवरी 2018 को अपीलार्थी को रिश्वत लेने के मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। जबकि प्रकरण में एसीबी में शिकायत देने वाले धर्मवीर ने अपने बयान में अपीलार्थी पर रिश्वत का कोई आरोप नहीं लगाया है और रिपोर्ट में रिश्वत की बात एसीबी के दबाव में लिखना स्वीकार किया है। इसके साथ ही उसने थाने में अपीलार्थी के कमरे में रखी दराज में मौका देखकर पाउडर लगे रुपए रख दिए थे। वहीं एसीबी के निरीक्षक बृजपाल से अपीलार्थी का पुराना मतभेद था। इसके चलते उससे बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की थी।

## महाराणा प्रताप जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**जयपुर**,(का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने महाराणा प्रताप को राष्ट्रवाद का महानायक बताते हुए कहा है कि वह स्वाधीनता संघर्ष के ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया था। राज-पाट का वैभव त्याग उन्होंने अरावली की घाटियों और दुर्गम वनों में रहना स्वीकार किया था।

राज्यपाल मिश्र ने महाराणा प्रताप की जयंती (2जून) पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आजादी का उनका संघर्ष मामूली नहीं था।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने महाराणा प्रताप जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। डॉ. जोशी ने कहा है कि महाराणा प्रताप की वीरता, त्यापग और देश भक्ति सभी के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाराणा प्रताप की जयंती (2 जून) पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। गहलोत ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए सुखों का त्याग कर अरावली की पहाड़ियों और दुर्गम वनों में अपना जीवन व्यतीत किया।

# नाबालिगों से बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने एक दर्जन से अधिक बच्चों को बंधक बनाकर उनसे बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त मोहम्मद सरफराज को 14 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बिहार निवासी इस अभियुक्त पर 75 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने 22 जुलाई, 2015 को नींदड रावजी का रास्ता स्थित बहुमंजिला मकान की चौथी मंजिल पर दबिश दी थी। यहां अभियुक्त 11 साल से 14 साल के पन्द्रह बच्चों से चूड़ियां बनवा रहा था। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उनसे सुबह सात बजे से रात 11 बजे लगातार काम कराया जाता है। इसके साथ ही न तो भरपेट खाना दिया जाता है और ना ही बाहर जाने की अनुमति मिलती है। इसके साथ ही उन्हें बंद कमरे में रखा जाता है और किसी से बात करते देखने पर अभियुक्त मारपीट भी करता है। अभियुक्त उन्हें बिहार से पढ़ाई कराने और काम सिखाने के बहाने जयपुर लाया था।

## प्रतीक्षा सूची से नियुक्तियां नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती-2018 के रिक्त रहे पदों को प्रतीक्षा सूची से नहीं भरने पर प्रमुख शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और आरपीएससी सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने यह आदेश वसुंधरा पारीक व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

# राज्यसभा चुनाव के लिये पांच उम्मीदवारों के नामांकन सही मिले

- **6 उम्मीदवारों के 14 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा हुई, एक उम्मीदवार का नाम निर्देशन पत्र निरस्त**
- **उम्मीदवार अपना नाम तीन जून तक वापस ले सकते हैं**
- **कांग्रेस के तीन, भाजपा का एक और भाजपा समर्थित निर्दलीय का नामांकन सही मिला**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान में चार राज्यसभा सीटों के लिए 6 उम्मीदवारों से प्राप्त 14 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा बुधवार को विधानसभा स्थित कक्ष संख्या 751 में सम्पन्न हुई। संवीक्षा में एक उम्मीदवार का नाम निर्देशन पत्र अपूर्ण मानते हुए निरस्त किया गया। शेष 5 उम्मीदवारों के 13 नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए।

राजस्थान में राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के निर्वाचन अधिकारी डॉ. जोगाराम ने बताया कि चार राज्यसभा सीटों के लिए 6 उम्मीदवारों की ओर से 14 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। इन सभी नाम निर्देशन पत्रों का परीक्षण उम्मीदवारों, एजेंट, प्रस्तावकों और राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के पर्यवेक्षक एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने बताया कि संवीक्षा की प्रक्रिया में निर्दलीय उम्मीदवार मनोज कुमार जोशी द्वारा भरा गया एक मात्र नाम निर्देशन पत्र अपूर्ण होने के कारण से निरस्त किया गया है। शेष पांच उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम तिवाड़ी व निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा के 2-2, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक एवं प्रमोद कुमार के 3-3 नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए हैं। डॉ. जोगाराम ने बताया कि उम्मीदवार 3 जून (शुक्रवार) को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। नामांकन वापसी हेतु निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय गुरूवार को भी खुला रहेगा।

# एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत लागू भी हो गया और सत्ता का मोह भी नहीं छूटा

## जिन नेताओं ने इस सिद्धांत के तहत इस्तीफा दिया, उन्होंने संगठन को वरीयता देने के बजाय सत्ता को चुना

- **तीन मंत्रियों ने छोड़ा संगठन का पद, चार जिला अध्यक्षों और दो सचिवों ने भी दिए इस्तीफे**

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस के नेताओं में सत्ता की चाह कितनी बड़ी है, यह बात कई बार देखने को मिलती है। जब उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में यह तय हुआ कि एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत लागू होगा और उसकी पालना के लिए जयपुर में जब प्रदेश कांग्रेस का दो दिवसीय शिविर हो रहा है, तो किसी भी नेता ने सत्ता का साथ छोड़ना जरूरी नहीं समझा और तुरंत प्रभाव से संगठन का साथ छोड़ दिया। मतलब कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता ज्यादा जरूरी लगती है और संगठन उनके लिए वरीयता में बाद में आता है।

दरअसल उदयपुर में हुए कांग्रेस चिंतन शिविर में एक व्यक्ति एक पद के फॉर्मूले और लगातार एक पद पर 5 साल रहने, लगातार एक पद पर दो बार नियुक्त नहीं होने के लिए फैसले पर अमल की बात आई, तो इसकी शुरुआत निश्चित तौर पर राजस्थान से हुई है। लेकिन इस शुरुआत में किसी भी नेता ने सत्ता का मोह नहीं छोड़ा और संगठन को साइडलाइन कर दिया।

जयपुर में हो रहे प्रदेश कांग्रेस के शिविर के पहले दिन जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि जिन नेताओं ने अपने पदों से इस्तीफे दिए हैं, उनमें तीन मंत्री, दो बोर्ड-निगमों के चेयरमैन, चार जिलाध्यक्षों और दो पीसीसी सचिव शामिल हैं। वैसे इन नेताओं ने इस्तीफे तो दे दिए लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि इन नेताओं के इस्तीफे प्रदेश कांग्रेस को मिल गए हैं लेकिन इस्तीफे स्वीकार करने के लिये इकाई वो नहीं हैं। इस्तीफे स्वीकार करने का फैसला कांग्रेस आलाकमान करेगा।

दरअसल एक व्यक्ति एक पद के तहत इस्तीफा देने वालों में काबीना मंत्री रामलाल जाट, गोविंद राम मेघवाल और महेंद्रजीत सिंह मालवीय शामिल हैं जो मंत्री पद के साथ ही प्रदेश कांग्रेस में उपाध्यक्ष पद पर भी हैं। इन्होंने एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को मानते हुए इस्तीफा तो दिया लेकिन इस्तीफा देने के लिए उन्होंने संगठन को चुना। यानी कि जिस संगठन के जरिए इन्हें सत्ता हासिल हुई है उस संगठन को दूसरे पायदान पर रखते हुए उन्होंने सत्ता को चुना और मंत्री पद पर बने रहे। सिर्फ तीन मंत्रियों ने ही संगठन को दूसरी वरीयता पर नहीं रखा बल्कि हाल ही राजनीतिक नियुक्तियां पाने वाले नेताओं ने भी सत्ता की नियुक्तियों को वरीयता दी है। इनमें बंजर भूमि विकास बोर्ड के चेयरमैन संदीप चौधरी शामिल है, जिन्होंने किसान कांग्रेस से लंबे समय से इस्तीफा दे रखा है, वहीं उन्होंने अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट से भी इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के सचिव और एससी आयोग के उपाध्यक्ष सचिन सरवटे ने भी सत्ता के पद को अपने पास रखते हुए संगठन के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ लगातार 5 साल से ज्यादा एक पद पर रहने वाले सिद्धांत को मानते हुए चार जिलाध्यक्षों ने भी अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को भेज दिया है। इनमें जैसलमेर के जिलाध्यक्ष फतेह मोहम्मद खान, नागौर के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, बीकानेर शहर की यशपाल गहलोत और हीरालाल मेघवाल शामिल हैं। वही लगातार 5 साल से ज्यादा समय से लगातार दूसरी बार सचिव बने जसवंत गुर्जर और जियाउर रहमान ने भी सचिव पद से अपना इस्तीफा दिया है।

## डूडी ने किया शहीद परिवार एवं किसान सम्मान पोस्टर का विमोचन

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी ने अपने निवास स्थान पर शेखावाटी क्षेत्र के शहीद परिवारों एवं किसानों के सम्मान समारोह के विषय में पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सीकर जिले में 30 जून को आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में शहीद परिवारों और किसानों को आमंत्रित करने के लिए उनके घर-घर जाकर सम्पर्क किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर सीकर जिले के शेखावाटी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राकेश गढ़वाल सहित बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित थे।

# अवैध खनन संयुक्त जांच अभियान में राज्य भर में हुई 1100 कार्यवाही

**जयपुर**, (का.सं.)। माइंस विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि प्रदेश में 15 मई से अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ चल रहे संयुक्त जांच अभियान में 1100 से अधिक कार्यवाही कर दस करोड़ से अधिक जुर्माना राशि राजकोष में वसूली जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जुर्माना वसूली राशि में जयपुर, झालावाड़, बूंदी का आंकड़ा एक-एक करोड़ को छूने में हैं।

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने प्रगति समीक्षा के बाद बताया कि जिला कलक्टर द्वारा माइंस, रेवेन्यू, परिवहन, वन और पुलिस विभाग की टीम द्वारा अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में अब तक 131 एफआईआर पुलिस में दर्ज करवाई जा चुकी हैं जिसमें से सर्वाधिक 56 एफआईआर भीलवाड़ा में दर्ज हुई है। बाड़मेर में 15, अलवर में 13, धौलपुर में 10 व शेष अन्य स्थानों पर दर्ज हुई है। जुर्माना अदा नहीं करने वाले 1026 वाहन/मशीनरी आदि संबंधित थानों में जब्त हैं जिसमें सर्वाधिक 111 वाहन-मशीनरी जयपुर व भीलवाड़ा में 101, अजमेर में 67, जोधपुर में 55, नागौर में 52 व शेष अन्य स्थानों पर वाहन-मशीनरी जब्त है। जब्त शुदा खनिजों में प्रमुख रुप से बजरी के साथ ही मेसेनरी स्टोन, फेल्सपार, क्रेशर डस्ट, चाईनाक्ले, सिलिका सैंड, लाईम स्टोन, बेन्टोनाईट, क्रेशर ग्रिट आदि करीब 1588 टन खनिज मौके पर जब्त है।

जयपुर में 85 लाख 74 हजार 556 रुपये झालवाड़ में 85 लाख 73 हजार 920 रुपये बूंदी में 83 लाख 73 हजार 449 रुपये, पाली में 76 लाख 61 हजार 229 रुपये, अजमेर में 49 लाख 48 हजार 149 रुपये व शेष राशि अन्य स्थानों पर वसूल की गई है। जयपुर वृत्त के जयपुर, अलवर, टोंक, सीकर, झुन्झुनू और दौसा में करीब दो करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है।

# सचिन पायलट के साथ सेल्फी लेने का युवाओं में दिखा क्रेज



**नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी को व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करवाने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट बुधवार को उद्योग भवन में पहुंचे। उन्होंने कार्यभार संभालने पर सुरेश मोदी को बधाई दी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं व समर्थकों के साथ बैठकर बातचीत की। इस दौरान सचिन पायलट के साथ सेल्फी लेने वाले लोगों का जमकर तांता लगा रहा।** फोटो-राष्ट्रदूत

## जयपुर डिस्कॉम को मिला 6.19 करोड़ का राजस्व

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर डिस्कॉम द्वारा बिजली चोरी व दुरुपयोग के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए चलाई जा रही एमनेस्टी योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 17 मई तक 2 हजार 481 मामलों का निपटारा किया गया है। निगम को इससे 6 करोड़ 19 लाख 67 हजार रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई।

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया कि बिजली चोरी व दुरूपयोग के मामलो में 31 दिसम्बर, 2021 तक भरी गई वीसीआर के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु 1 अप्रेल से 30 सितम्बर, 2022 तक 6 माह की अवधि के लिए एमनेस्टी योजना शुरू की गई है। योजना के तहत सभी लम्बित वीसीआर के प्रकरणों का सहायक अभियन्ता कार्यालय स्तर पर ही निपटारा किया जा रहा है। एमनेस्टी योजना के तहत 1 लाख रूपए तक की सिविल लायबिलिटि या दुरूपयोग की राशि का 50 प्रतिशत व पूर्ण प्रशमन राशि जमा करवाकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जाएगा।

उपभोक्ताओं पर अनावश्यक वित्तीय भार ना पडें इसके लिए 6 समान मासिक ब्याज मुक्त किश्तों में वीसीआर की निर्धारित राशि का भुगतान किया जा सकता है।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि

## राज्य में बुधवार को 66 नए संक्रमित मिले, जबकि मंगलवार को 57 रोगी पाए गए थे

- **राजधानी जयपुर में भी थोड़ी बढ़ोत्तरी के बाद 31 नए मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में रिकवरी में सुधार होने से एक्टिव केस घटकर 515 रह गए हैं।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के मामलों में और वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 66 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 83 लोग ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 515 रह गए हैं।

प्रदेश में बुधवार को 13 जिलों में 66 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 57 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान जिले में 7 मामले और बढ़ने के साथ ही 31 नए संक्रमित सामने आए हैं। इसके अलावा अलवर में 10, जोधपुर में 5, अजमेर व धौलपुर में 4-4, नागौर, भीलवाड़ा, चूरू व दौसा में 2-2 तथा झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच राज्य के 20 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में बुधवार को नए संक्रमितों के मुकाबले अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 83 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 515 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या घटकर 272 रह गई है। राज्य में बुधवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि, प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9557 संक्रमितों की मृत्यु हो चुकी है।

**जयपुर में 18 स्थानों पर नए संक्रमित मिले :-** राजधानी जयपुर में बुधवार को 18 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा 3-3 मरीज सी-स्कीम, मालवीय नगर, मानसरोवर, सीतापुरा और वैशाली नगर में पाए गए हैं। इसके अलावा दुर्गापुरा, झोटवाडा व खातीपुरा में 2-2 तथा आदर्श नगर, बजाज नगर, बस्सी, ब्रह्मपुरी, गांधी नगर, गोपालपुरा, जगतपुरा, मुरलीपुरा, प्रताप नगर और सांगानेर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच जिले में 44 मरीज रिकवर हुए हैं।

## बगरू क्षेत्र में बढ़ेगी पेयजल आपूर्ति

**जयपुर**, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी के निर्देशों के बाद अब जलदाय विभाग द्वारा बगरू कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 3 लाख लीटर पेयजल टैंकरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। सेज विस्थापित जोन में बने हाइडेंट से प्रतिदिन 24 हजार लीटर क्षमता के 12 टैंकरों के माध्यम से 3 लाख लीटर पेयजल बगरू कस्बे में उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ. जोशी से बुधवार को यहां सिविल लाइन्स स्थित उनके सरकारी आवास पर बगरू विधायक गंगा देवी एवं क्षेत्र के पार्षदों ने मुलाकात कर पेयजल किल्लत वाले गांवों और बगरू कस्बे में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के संबंध में आग्रह किया था। जलदाय मंत्री ने बगरू विधायक एवं उनके साथ आए पार्षदों की बातों को गंभीरता से सुना एवं मौके से ही जलदाय विभाग के अधिकारियों को टैंकरों से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति एक लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 3 लाख लीटर प्रतिदिन करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अधीक्षण अभियंता जयपुर जिला वृत्त आर सी मीना को बगरू विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्याएं सुनने एवं उनके समाधान के निर्देश दिए।

